# डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

## प्रतिवेदन - सतर्कता जागरूकता दिवस - 2023

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई के परिसर में सतर्कता जागरूकता 30 अक्तूबर 2023 को मनाया गया। सतर्कता जागरूकता दिवस ईमानदारी बनाए रखने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार विरोधी उपायों को लागू करने के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था-'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'। कार्यक्रम की शुरूआत डी.ए.वी. गान और दिव्य गायत्री मंत्र से हुई। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने सतर्कता जागरूकता दिवस मनाने के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं ने सतर्कता जागरूकता विषय पर प्रकाश डाला और भ्रष्टाचार में व्यक्तिगत लाभ के लिए शक्ति का उपयोग समाज के लिए हानिकारक है क्योंकि यह विश्वास को खत्म करता है, लोकतंत्र को कमज़ोर करता है, आर्थिक विकास में बाधा डालता है, असमानता और गरीबी को बढ़ाता है, जैसे पहलुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डाला। जैसे- रिश्वत लेने वाले लोक सेवक, सार्वजनिक धन का दुरूपयोग करने वाले राजनेता और लाभदायक सौदों के लिए अधिकारियों को धन की पेशकश करने वाली कंपनियाँ। विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों में हाानिकारक पदार्थों का पता लगाने के लिए सरल प्रयोग किए और मिर्च पाउडर, शहद, नमक और काली मिर्च जैसी वस्तुओं में संभावित मिलावट की जाँच करके खाद्य सुरक्षा पर भ्रष्टाचार के नकारात्मक प्रभाव को चित्रित किया। आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने एक आकर्षक और जानकारीपूर्ण प्रश्नोत्तरी 'क्विज़ ए थॉन' ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने केंदीय सतर्कता आयोग की स्थापना, संचालन और दायरे के बारे में दस प्रश्न पूछे। दर्शकों ने उत्सुकता से भाग लिया और सवालों के जवाब देने का प्रयास किया। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'सर्तक भारत-समृद्ध भारत' नामक नाटक का प्रदर्शन करके भ्रष्टाचार के हानिकारक परिणामों और सार्वजनिक जीवन में अखंडता के महत्त्व के बारे में जागरूकता उत्पन्न की। इस नाटक में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के बीच सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों में भ्रष्टाचार सहित विभिन्न परिदृश्यों को दर्शाया गया, साइबर घोटाले और उपभोक्ता अधिकारों से संबंधित मुद्दे को उजागर किया गया। ये प्रयास जागरूकता फैलाने और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और अखंडता के आर्दशों को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों द्वारा सभी कार्यों को ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से करने के लिए सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा ली गई। धन्यवाद ज्ञापन और शान्ति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ। यह दिन वास्तव में जानकारीपूर्ण और ज्ञानवर्धक था।

# डी. ए . वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

## सतर्कता जागरूकता दिवस - 2023

सतर्कता जागरूकता दिवस पर शपथ ग्रहण

सरल प्रयोगों द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट

आकर्षक टॉक शो